आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 03.06.2026
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- पंचायतीराज मंत्री मदन कौशिक ने ग्राम पंचायतों के समग्र विकास के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार करने के अधिकारियों को निर्देश दिए।
- राजकीय पॉलीटेक्निक और अन्य तकनीकी शिक्षण संस्थानों के छात्र आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और कोडिंग की बारीकियां सीखेंगे। इसके लिए प्राविधिक शिक्षा विभाग ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
- प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत चमोली जिले में क्षय रोग उन्मूलन के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।
- ऊर्जा और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रुद्रप्रयाग में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जन–जागरूकता रैली निकाली गई।

पंचायतीराज विभाग

प्रदेश की ग्राम पंचायतों को आदर्श और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में पंचायतीराज विभाग ने पहल शुरू कर दी है। पंचायतीराज मंत्री मदन कौशिक ने विधानभवन में विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक करते हुए अधिकारियों को ग्राम पंचायतों के समग्र विकास के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में पेयजल, सड़क, विद्युत, दूरसंचार और नाली जैसी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए व्यापक योजना बनाई जाएगी, जिसे जल्द ही कैबिनेट में प्रस्तुत किया जाएगा। श्री कौशिक ने ग्राम पंचायतों में होने वाले विकास कार्यों की बेहतर निगरानी के लिए प्रत्येक जिले में जिलाधिकारी या मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में निगरानी समिति गठित करने के निर्देश दिए। यह समिति विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करेगी, ताकि एक ही कार्य पर दोबारा सरकारी धन खर्च न हो और सभी पंचायतों में संतुलित विकास सुनिश्चित किया जा सके।

समझौता ज्ञापन

प्रदेश के राजकीय पॉलीटेक्निक और अन्य तकनीकी शिक्षण संस्थानों के छात्र–छात्राओं को अब पाठ्यक्रम के साथ कृत्रिम बुद्धिमत्ता– एआई और कोडिंग की बारीकियां भी सिखाई जाएंगी। इसके लिए प्राविधिक शिक्षा विभाग ने कोडयोगी और कम्प्यूटर एंड लर्न फाउंडेशन के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

तकनीकी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में हुए इस समझौते के तहत विद्यार्थियों को एआई के मूलभूत सिद्धांतों, कोडिंग, प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग और इसके व्यावहारिक उपयोगों का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। डॉ. रावत ने कहा कि राज्य सरकार तकनीकी शिक्षा को आधुनिक, रोजगारपरक और समय की मांग के अनुरूप बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि यह पहल विद्यार्थियों को नई तकनीकों में दक्ष बनाने के साथ ही उनकी समस्या समाधान क्षमता और नवाचार की सोच को भी विकसित करेगी। उन्होंने बताया कि छात्र अपने स्मार्टफोन से अपनी भाषा में बिना किसी शुल्क के यह प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे। इस कार्यक्रम के संचालन के लिए अतिरिक्त कंप्यूटर लैब, आधारभूत ढांचे या विशेष शिक्षक प्रशिक्षण की आवश्यकता नहीं होगी। कोडयोगी फाउंडेशन इस कार्यक्रम का वित्तपोषण और संचालन करेगा, जबकि प्राविधिक शिक्षा विभाग राज्य के सभी पॉलीटेक्निक संस्थानों तक इसकी पहुंच सुनिश्चित करेगा।

<u>प्रधानमंत्री आवास योजना</u>

ऊधमसिंह नगर जिले के ग्राम बागवाला में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 156 करोड़ रुपए की लागत से बन रहे एक हजार 872 आवास का कार्य अंतिम चरण में है। जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष जय किशन ने बताया कि शीघ्र ही इन आवासों को आर्थिक रूप से कमजोर पात्र लाभार्थियों को आवंटित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभी तक 185 लाभार्थियों ने धनराशि जमा कर दी है, जबकि 222 लाभार्थियों को पत्र और दूरभाष के माध्यम से धनराशि जमा कराने को कहा गया है।

<u>समीक्षा</u>

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मसूरी में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ संचालित और प्रस्तावित विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने क्षेत्र के विकास कार्यों की प्रगति का विस्तृत जानकारी लेते हुए अधिकारियों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। श्री जोशी ने मसूरी में पेयजल की समस्या को गंभीरता से लेते हुए जल निगम और जल संस्थान के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि 24 घंटे के भीतर पेयजल आपूर्ति और वितरण व्यवस्था को सुचारु बनाया जाए। उन्होंने अधिकारियों को पानी की लाइनों में होने वाले लीकेज को तत्काल चिन्हित कर उनकी मरम्मत सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए, ताकि जल की बर्बादी रोकी जा सके और आम जनता को निर्बाध पेयजल उपलब्ध हो सके।

<u>टीबी उन्मूलन अभियान</u>

प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत चमोली जिले में क्षय रोग उन्मूलन के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की टीमें गांव–गांव जाकर लोगों के एक्स–रे, रक्त जांच, मधुमेह और अन्य जांच कर रही हैं। जिले के सभी विकासखंडों में यह अभियान युद्धस्तर पर संचालित किया जा रहा है, ताकि वर्ष 2030 तक भारत को टीबी मुक्त बनाया जा सके।

जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. भगवती प्रसाद पुरोहित ने बताया कि जिले के 102 उच्च जोखिम वाले गांवों में जांच अभियान पूरा किया जा चुका है। वहीं कर्णप्रयाग विकासखंड में 100 दिवसीय विशेष अभियान के तहत करीब 50 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है।

वरिष्ठ टीबी लैब सुपरवाइजर राजदर्शन रावत ने बताया कि आरोग्य शिविरों के माध्यम से 14 वर्ष से अधिक आयु के लोगों की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि टीबी मरीजों की जांच, दवा और पोषण सहायता सहित सभी सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं।

सुरक्षित ईंधन, सुरक्षित जीवन

ऊर्जा और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रुद्रप्रयाग में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जन–जागरूकता रैली निकाली गई। डाटपुल से जिला न्यायालय परिसर तक आयोजित रैली में 200 से अधिक प्राविधिक स्वयं सेवकों ने भाग लिया और लोगों को ईंधन बचत के प्रति जागरूक किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव पायल सिंह ने कहा कि अभियान का उद्देश्य लोगों को ईंधन संरक्षण के महत्व से जोड़ना है।

अभियान के तहत प्राविधिक स्वयं सेवक गांवों और शहरों में लोगों को कम ईंधन उपयोग, सार्वजनिक परिवहन को अपनाने और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रहे हैं।

अतिक्रमण अभियान

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर देहरादून जिला प्रशासन, सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई कर रहा है। इसी क्रम में विकासनगर तहसील के शीशमबाड़ा क्षेत्र में सरकारी भूमि पर किए गए अवैध कब्जे के खिलाफ कार्रवाई की गई। राजस्व विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर सरकारी भूमि पर अवैध रूप से बनी मजार और अन्य अस्थायी निर्माणों को ध्वस्त कर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया। प्रशासन के अनुसार जांच में यह भूमि सरकारी अभिलेखों में दर्ज पाई गई थी और नियमानुसार नोटिस व कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद ये कार्रवाई की गई। जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने कहा कि सरकारी भूमि पर किसी भी तरह का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे मामलों में आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।